Bharti Airtel Foundation

# प्रेस विज्ञप्ति

## जैसलमेर में शिक्षक विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

11 नवंबर, 2025 को जैसलमेर, के राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों के प्रोफेशनल डव्हलपमेंट और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, जिला शिक्षा विभाग, जैसलमेर ने ऑनलाइन शिक्षक प्रोफेशनल डव्हलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान 'डाइट' जैसलमेर में किया है। यह कार्यक्रम आकर्षक, प्रभावी और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने के लिए आवश्यक कौशल एवं विभिन्न शिक्षण पद्धितियों के माध्यम से शिक्षकों की क्षमतावृद्धि करने हेतु तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम एफ.एल.एन. , डिजिटल शिक्षण, कक्षा प्रबंधन और नवीन शैक्षणिक पद्धतियों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित है।

नीति आयोग और भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम डिजिटल प्लेटफॉर्म TheTeacherApp के माध्यम से शिक्षकों के प्रोफेशल डव्हलपमेंट के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय आवश्यकताओं को एक साथ लाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप, यह पहल शिक्षकों को छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने और आनंददायक शिक्षण अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कौशल से परिपूर्ण करती है।

जैसलमेर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सरकारी स्कूल के शिक्षक और प्रशिक्षु शिक्षक एक संरचित, चरणबद्ध तरीके से इसमें भाग लेंगे। सफलतापूर्वक पूरा होने पर, प्रतिभागियों को जिला शिक्षा विभाग और भारती एयरटेल फाउंडेशन से एक संयुक्त कार्यक्रम समापन प्रमाणपत्र प्राप्त होगा।

इस शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार बिस्सा ने की एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जैसलमेर सुश्री रश्मि रानी उपस्थिति रहीं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जैसलमेर सुश्री रश्मि रानी ने भारती एयरटेल फाउण्डेशन व नीति आयोग के की इस पहल को शिक्षकों की क्षमतावृद्धि के क्षेत्र में एक ऐसा महत्वपूर्ण कदम बताया जिससे जिले के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के साथ ही साथ शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा हेतु नवीन तकनीकी संसाधन की उपलब्ध होंगे।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने महेश कुमार बिस्सा ने बताया कि द टीचर एप्प का उपयोग जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा उपयोग किये जाने विद्यालयों में एफ.एल.एन., डिजिटल शिक्षण, कक्षा प्रबंधन और नवीन शैक्षणिक पद्धतियों के स्तर को ओर अधिक बेहतर बनाया जाना संभव होगा।

इस कार्यक्रम में TheTeacherApp पर राजस्थान राज्य के चैनल का भी उद्घाटन किया, जिसने शिक्षकों को कभी भी, कहीं भी ऐप डाउनलोड करने और अनुकूलित डिजिटल शिक्षण संसाधनों तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

इस कार्याक्रम में नीति आयोग से प्रतिनिधि के रूप में ले. कर्नल जितेन्द्र वर्मा ने वर्चुआली जुड़कर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये वर्तमान में विद्यार्थियों को नयी तकनीकों एवं सीखने –सिखाने की विधाओं को समावेशित कर प्रभावी शिक्षण पर जोर दिया।

साथ राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक सुश्री श्वेता फागड़िया ने जैसलमेर के शिक्षकों को बधाई देते इस एप्प को अधिकाधिक उपयोग कर नवीन शिक्षण विधाओं को सीख कर अपने शिक्षण कौशल को अधिक प्रभावी बनाने का आवहान किया।

भारती एयरटेल फाउंडेशन की यह पहल, TheTeacherApp, शिक्षणशास्त्र, नेतृत्व, भाषा, सह–शैक्षणिक क्षेत्रों और सामाजिक विज्ञानों में उच्च–गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री प्रदान करती है। यह स्व–गति वाले पाठ्यक्रमों को इंटरैक्टिव वेबिनार के साथ जोड़ता है, जो एक बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करता है जो शिक्षकों को विभिन्न शोध के परिणामों आधार पर नवाचारों को सीधे कक्षाओं में लागू करने में सहयोग भी प्रदान है।

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नामित जैसलमेर जिले में भारती एयरटेल फाउण्डेशन इस कार्यक्रम के माध्यम से शैक्षिक स्तर में सुधार लाने प्रयास कर रहा है, जिसका दीर्घकालिक उद्धेश्य प्रत्येक शिक्षक को निरंतर सीखने के अवसर प्राप्त हों और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले एवं इस कार्यक्रम को पूरे राजस्थान में लागू करना है,

भारती एयरटेल फाउंडेशन की स्थापना 2000 में भारती एंटरप्राइजेज की एक परोपकारी शाखा के रूप में की गई थी। यह फाउंडेशन ग्रामीण भारत में समग्र, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है, जिसमें बालिकाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है, और प्रमुख संस्थानों के साथ साझेदारी में उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन में सहयोग करता है। भारती एयरटेल फाउण्डेशन वर्ष 2006 के सत्य भारती स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से चार राज्यों में फैले ग्रामीण भारत के 155 स्कूलों में हजारों वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। वर्तमान में, सत्य भारती स्कूलों में 36,000 से अधिक बच्चे नामांकित हैं, जिनमें से 51 प्रतिशत बालिकायें हैं। सत्य भारती स्कूल कार्यक्रम की बेहतर प्रक्टिसेज को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अनुभावों को क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम (QSP) 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1,100 राजकीय स्कूलों के 4.2 लाख से अधिक छात्रों को हस्तांतरित किया है।

फाउंडेशन का डिजिटल प्लेटफॉर्म, TheTeacherApp जो शिक्षकों के लिए देश के सबसे नवीन प्रौद्योगिकी समाधानों में से एक है, के 1.6 लाख से अधिक शिक्षक पंजीकृत हैं। विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के माध्यम से, फाउंडेशन ने अपनी स्थापना के बाद से 2,000 से अधिक युवाओं (उनमें से 44 प्रतिशत बालिकायें हैं) का सहयोग किया है, जिससे वंचित समुदायों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अवसर पैदा हुए हैं। अपनी स्थापना के बाद से, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 3.7 मिलियन से अधिक बच्चों और 70 मिलियन से अधिक व्यक्तियों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।